प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

3 जून 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों पर सर्वेक्षण प्रारंभ किया: 2023-24 दौर

रिज़र्व बैंक ने 'म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों' पर अपने वार्षिक सर्वेक्षण का 2023-24 दौर प्रारंभ किया है। यह सर्वेक्षण म्युचुअल फंड कंपनियों और आस्ति प्रबंधन कंपनियों से नवीनतम वित्तीय वर्ष के मार्च के अंत तक उनकी बाह्य वित्तीय देनदारियों और परिसंपत्तियों पर जानकारी एकत्र करता है। सर्वेक्षण के परिणाम भारत के बाह्य क्षेत्र के आंकड़ों के संकलन में उपयोग किए जाने के अलावा सार्वजनिक डोमेन में प्रसारित किए जाते हैं।

आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को **15 जुलाई, 2024** तक वेब-आधारित पोर्टल (https://flair.rbi.org.in) के माध्यम से विदेशी देयताओं और परिसंपत्तियों (एफएलए) पर वार्षिक रिटर्न ऑनलाइन जमा करना आवश्यक है।

साथ ही, म्यूच्युअल फंड कंपनियों से अपेक्षित है कि वे सर्वेक्षण प्रश्नावली (प्रश्नावली-4), जो भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर शीर्ष 'विनियामक रिपोर्टिंग' → 'रिटर्न की सूची' → 'FLA Schedule IV - सर्वेक्षण प्रश्नावली' के तहत [या शीर्ष 'Forms' के अंतर्गत (होम पेज के नीचे 'More Links' के तहत उपलब्ध) और उप-शीर्ष 'Survey' के अंतर्गत उपलब्ध है, भरकर ई-मेल के माध्यम से mf@rbi.org.in पर **15 जुलाई 2024** तक प्रस्तुत करें।

प्रश्नावली-4 के हिंदी और अंग्रेजी दोनों प्रारूप उपलब्ध है और रिपोर्टिंग कंपनियां उनमें से किसी का भी उपयोग कर सकती हैं। कृपया FAQs के साथ संशोधित निर्देश देखें और किसी भी प्रकार के प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें:

निदेशक,
अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति प्रभाग (आईआईपीडी),
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (डीएसआईएम),
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-9, 5वीं मंज़िल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
ई-मेल:mfquery@rbi.org.in

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/422